E-mail: coecsjmuniversity@gmail.com
☎🖷: 0512-2246609
☎🖷: 0512-2246608

# छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर
# CHHATRAPATI SHAHU JI MAHARAJ UNIVERSITY, KANPUR

राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद् द्वारा A++ ग्रेड प्राप्त विश्वविद्यालय
(पूर्ववर्ती कानपुर विश्वविद्यालय, कानपुर)
(Formerly Known as Kanpur University, Kanpur-208024)

सन्दर्भ सं0: सी.एस.जे.एम.वि.वि./सी.ओ.ई./164/2025 दिनांक : 08/03/2025

सेवा में,

**प्राचार्य/प्राचार्या,**
समस्त सम्बन्धित सम्बद्ध महाविद्यालय,
छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय,कानपुर

**विशयः सत्र 2024–25 की स्नातक एवं परास्नातक मुख्य वार्षिक परीक्षा के संस्थागत/व्यक्तिगत छात्र/छात्राओं के परीक्षा फार्म सब्मिशन एवं शुल्क जमा किये जाने के सम्बन्ध में।**

**महोदय/महोदया,**

अवगत कराना है कि सत्र 2024–25 की स्नातक एवं परास्नातक मुख्य वार्षिक परीक्षायें सम्पन्न करायी जानी है, जिसके सम्बन्ध में संस्थागत, व्यक्तिगत, भूतपूर्व एवं बैक पेपर के अर्ह छात्र/छात्राओं के ऑन–लाइन परीक्षा फार्म निम्नानुसार पूरित कराये जायेंगेः–

1. स्नातक द्वितीय वर्ष में सम्मलित होने वाले केवल भूतपूर्व/बैक पेपर के छात्र/छात्रायें।
2. स्नातक तृतीय वर्ष में सम्मिलित होने वाले संस्थागत/व्यक्तिगत/भूतपूर्व/बैक पेपर/गैप ईयर के छात्र/छात्रायें।
3. परास्नातक द्वितीय वर्ष में सम्मिलित होने वाले संस्थागत/व्यक्तिगत/भूतपूर्व/बैक पेपर/गैप ईयर के छात्र/छात्रायें।
4. वर्ष 2023–24 की परीक्षा में सम्मिलित होने वाले छात्र/छात्रायें ही बैक पेपर में आवेदन कर सकते है।
5. ऐसे छात्र/छात्रायें जो स्नातक द्वितीय वर्ष में अनुत्तीर्ण एवं तृतीय वर्ष में उत्तीर्ण है। ऐसे छात्र/छात्रायें द्वितीय वर्ष का स्पेशल बैक पेपर फार्म भर सकते है।
6. ऐसे छात्र/छात्रायें जो स्नातक द्वितीय वर्ष में अनुत्तीर्ण एवं तृतीय वर्ष में भी अनुत्तीर्ण है, उन छात्र/छात्राओं द्वारा पहले द्वितीय वर्ष भूतपूर्व परीक्षा का फार्म पूरित करना होगा। द्वितीय वर्ष की परीक्षा उत्तीर्ण करने के उपरान्त ही तृतीय वर्ष का परीक्षा फार्म भरा जायेगा।
7. एकल विषय (संस्थागत/व्यक्तिगत) के केवल तृतीय वर्ष के छात्र/छात्रायें सम्मिलित हो सकते है।
8. वार्षिक परीक्षा के प्रायोगिक/मौखिक परीक्षा के लेफ्ट ओवर प्रैक्टिकल की परीक्षा भी मुख्य परीक्षाओं के साथ ही सम्पन्न करायी जायेगी।

**सत्र 2024–25 की स्नातक एवं परास्नातक मुख्य वार्षिक परीक्षा के अर्ह संस्थागत/व्यक्तिगत/भूतपूर्व/बैक पेपर के छात्र/छात्राओं के परीक्षा फार्म सब्मिशन एवं शुल्क जमा किये जाने की तिथि 11.03.2025 से 05.04.2025 तक निर्धारित की जाती है।**

अतः सभी महाविद्यालय अपने स्तर से सम्बन्धित छात्र/छात्राओं को उक्त से अवगत कराने के साथ आवश्यक कार्यवाही करना सुनिश्चित करें।

भवदीय,

**(राकेश कुमार)**
परीक्षा नियंत्रक
Vijay

**प्रतिलिपि : निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेशित :–**

1. निजी सचिव कुलपति, मा0 कुलपति जी को सूचनार्थ प्रेशित।
2. वैय0 सहायक कुलसचिव/वित्त अधिकारी।
3. पी0एम0यू0 सेल।
4. प्रभारी, कोडिंग।
5. मीडिया प्रभारी।
6. गार्ड फाइल।

**(राकेश कुमार मिश्रा)**
उप–कुलसचिव (परीक्षा)
Vijay